भारत रत्न : 2024

भारत सरकार ने **पाँच प्रतिष्ठित हस्तियों** (कर्पूरी ठाकुर, लाल कृष्ण आडवाणी, एम.एस स्वामीनाथन, पी.वी. नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह) को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान **'भारत रत्न'** देने का ऐलान किया है। इसके साथ ही अब तक भारत रत्न पाने वालों **कुल संख्या 53** हो गई है।

कर्पूरी ठाकुर

- **कर्पूरी ठाकुर** का जन्म 24 जनवरी, 1924 को बिहार के समस्तीपुर जिले के **पितौंझिया** (अब कर्पूरी ग्राम) गाँव में गोकुल ठाकुर और रामदुलारी देवी के यहाँ हुआ था। उनका निधन **17 फरवरी, 1988** को हुआ था।
- लोकप्रियता के कारण उन्हें **जननायक** कहा जाता है।
- उन्होंने 1952 में पहली बार **सोशलिस्ट पार्टी** के उम्मीदवार के रूप में **ताजपुर निर्वाचन क्षेत्र** से बिहार विधान सभा चुनाव जीता था।
- कर्पूरी ठाकुर वर्ष 1970-71 और 1977-79 तक दो बार बिहार के **11वें मुख्यमंत्री** रहे एवं वर्ष 1967-68 तक बिहार के **उपमुख्यमंत्री** रहे।
- वे बिहार के **पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री** थे।
- उन्होंने भारत में पहली बार **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)** को आरक्षण दिया।
- उन्होंने ने 1977 में मुख्यमंत्री बनने के बाद **मुंगेरी लाल आयोग** की सिफारिशों को लागू किया था। जिस कारण पिछड़ों को नौकरियों में आरक्षण मिला।
- **वर्ष 1978** में उन्होंने एक अभूतपूर्व आरक्षण मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें OBC, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (EBC), महिलाओं और उच्च जातियों के बीच आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिये विशिष्ट कोटे के साथ **26%** आरक्षण आवंटित किया गया था।
- बिहार में **उर्दू** को दूसरी राजकीय भाषा का दर्जा दिलाने में भूमिका रहा।
- ये भारत रत्न पाने वाले **49वें**, मरणोपरांत भारत रत्न पाने वाले **17वें** एवं बिहार से भारत रत्न पाने वाले **पांचवें व्यक्ति** है।

लालकृष्ण आडवाणी

- भारत रत्न प्राप्त करने वाले 50वें व्यक्ति **लाल कृष्ण आडवाणी** का जन्म 8 नवम्बर, 1927 को **कराची** (अब पाकिस्तान) में हुआ था।
- वर्ष 1942 में वे **आरएसएस** से जुडें और 1980 में स्थापित भाजपा के **संस्थापक सदस्यों** में से एक थे।
- इनकी आत्मकथा किताब का नाम **माई कंट्री, माई लाइफ** है।
- उन्होंने राम मंदिर के समर्थन के लिए **25 सितम्बर, 1990** को सोमनाथ से अयोध्या तक रथ यात्रा शुरू की। इसी यात्रा के दौरान **22 अक्टूबर, 1990** को **समस्तीपुर** में गिरफ्तार किये गये।
- **अप्रैल, 1970** में **'जनसंघ'** सीट से राज्यसभा के लिए चुने गये।
- **2002 से 2004** तक भारत के **7वें उपप्रधानमंत्री** के रूप में कार्य किया।
- वे **1998 से 2004** तक भारत के **गृह मंत्री** रहे।
- वे **2009** में भाजपा के **प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार** रहे।
- इन्हें 2015 में **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया।

एम. एस. स्वामीनाथन

- भारत की **हरित क्रांति के जनक** कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के **कुंभकोणम** में हुआ था।
- इनकी मृत्यु **28 सितम्बर, 2023** को चेन्नई में हुआ था।
- स्वामीनाथन को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए जिनमें **शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार** (1961), **रेमन मैग्सेसे पुरस्कार** (1971) एवं **अल्बर्ट आइंस्टीन विश्व विज्ञान पुरस्कार** (1986) शामिल हैं।
- इसके साथ ही इनको **पद्मश्री** (1967), **पद्म भूषण** (1972), **पद्म विभूषण** (1989) से भी सम्मानित किया गया।

पी.वी. नरसिम्हा राव

- **पी. वी. नरसिम्हा राव** का जन्म 28 जून, 1921 को वर्तमान **तेलंगाना** (तब हैदराबाद) के वारंगल जिले के **लक्नेपल्ली** गांव में हुआ था।
- इनका पुरा नाम **पामुलापति वेंकट नरसिम्ह राव** था।
- इनके पिता का नाम **सीताराम राव** और माता का नाम **रूकमा बाई** था।
- **वर्ष 1991 से 1996** तक वे भारत के **नौवें प्रधानमंत्री** रहे।
- इन्होंने भारत के **रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, गृह मंत्री** के रूप में भी कार्य किया।
- वे 1971 से 1973 तक **आंध्र प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री** रहे।
- **73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम** का कार्यान्वन पी.वी. नरसिम्हा राव के कार्यकाल के दौरान हुआ था।

चौधरी चरण सिंह

- **चौधरी चरण सिंह** का जन्म 23 दिसम्बर, 1902 को **उत्तर प्रदेश** के मेरठ जिले के **नूरपुर** में जाट किसान परिवार में हुआ था।
- इनके जयंती पर **23 दिसम्बर** को **राष्ट्रीय किसान दिवस** मनाया जाता है।
- इनकी मृत्यु **29 मई, 1987** को हुई थी।
- सर्वप्रथम **1937** में **छपरौली** से उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए चुने गए।
- वे **1979 से 1980** तक भारत के **5वें प्रधानमंत्री** रहे। हलांकि, इस दौरान वे कभी भी संसद नहीं गए।
- वे **1967-68** तक एवं दोबारा **1970** में **उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री** रहे।
- इनके समाधि स्थल को **किसान घाट** के रूप में जाना जाता है।

- भारत रत्न पुरस्कार देने की शुरूआत **1954** में हुई थी।
- **1955** से यह पुरस्कार मरणोपरांत भी दिया जाता है।
- भारत रत्न पुरस्कार का आकार **पीपल के पत्ते** की तरह होता है।
- खेल जगत में भारत रत्न पाने वाले पहले व्यक्ति **सचिन तेंदुलकर** है।
- भारत रत्न पाने वाले पहले वैज्ञानिक **सी. वी. रमन** थे।
- मरणोपरांत पहला भारत रत्न **लाल बहादुर शास्त्री** को दिया गया था।
- भारत रत्न पुरस्कार **सफेद रंग** के फीते में पहनाया जाता है।

GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"